**Naveen Kumar,** I.A.S.
State Project Director

**बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्**
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

**Bihar Education Project Council**
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

**पत्रांक : KGBV/59/2019-20/** 803 **दिनांक :** .6../02/2026

**सेवा में,**

**M/s. Nysa Communications Pvt. Ltd.**
B-97, Sector-67,
Noida-201301.

**विषय :** **कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के नियोजन हेतु विज्ञप्ति संख्या–BSPP/KGBV/01/2022 के लिए आवेदन हेतु Portal खोले जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि बिहार के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के नियोजन हेतु विज्ञप्ति संख्या–BSPP/KGBV/01/2022 के नियोजन हेतु बाह्य एजेन्सी के रूप में आप कार्य करने के लिए अधिकृत थे। उक्त के आलोक में आपके द्वारा तृतीय वर्ग के कर्मी के नियोजन के लिए सशुल्क आवेदन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर लिखित परीक्षा संपादित करते हुए पैनल का निर्माण कर उपलब्ध कराया, जिसके आलोक में जिलों द्वारा नियोजन की प्रक्रिया भी पूरी हुई।

इस संदर्भ में आपने पोर्टल के माध्यम से चुतर्थ वर्गीय पद के लिए निःशुल्क आवेदन भी लिया था, किन्तु माननीय उच्च न्यायालय के वाद के कारण प्राप्त आवेदन को जिलों को अग्रसारित नहीं किया जा सका। माननीय उच्च न्यायालय के पारित आदेश के आलोक में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में दैनिक मानेदय पर कार्यरत कर्मियों को उम्र छांति का लाभ देते हुए वर्णित नियोजन की प्रक्रिया में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाना है। ऐसे में इन कर्मियों का भी निःशुल्क आवेदन पोर्टल के माध्यम से लिये जाने हेतु, पोर्टल को खोल दिया जाय।

उक्त के आलोक में वर्णित सूचना देने हेतु समाचार पत्रों में विशेष सूचना संबंधित विज्ञप्ति भी प्रकाशित किये जाने की प्रक्रिया आंरभ की जा रही है। इस संबंध में आपको निदेश दिया जाता है कि आवेदन के लिए Portal खोले जाने को तैयारी कर लें। पत्र के साथ दैनिक मानदेय के कर्मियों के आवेदन के साथ ली जाने वाली सूचना की विवरणी भी संलग्न की जा रही है, जिसे Portal में पूर्व के Details के साथ सम्मिलित किया जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन

(नवीन कुमार)
राज्य परियोजना निदेशक



☎:0612-2667164/2667168, Fax: 0612-2667190
*Email:ssabihar@gmail.com*, Website www.bepcssa.in

**वर्तमान में दैनिक मानदेय पर कार्य करने वाले रसोईया, अनुसेवक एवं रात्रि प्रहरी के नियोजन से संबंधित आवेदन के साथ ली जाने वाली अतिरिक्त सूचना**

1. **क्या आप स्थानीय व्यवस्था के अन्तर्गत के•जी•बी•वी• दैनिक मानदेय पर कार्यरत है :–**

   हाँ ☐ नहीं ☐

2. **पद का नाम जिस पर आप कार्यरत है :–**

   रसोईया ☐ अनुसेवक ☐ रात्रिप्रहरी ☐

3. **के•जी•बी•वी• का नाम जहाँ आप कार्यरत है :–** ☐

4. **के•जी•बी•वी• के प्रखंड का नाम जहाँ आप कार्यरत है :–** ☐

5. **के•जी•बी•वी• के जिले का नाम जहाँ आप कार्यरत है :–** ☐

6. **के•जी•बी•वी• का प्रकार जहाँ आप कार्यरत है :–**

   टाईप I ☐ टाईप III ☐ टाईप IV ☐

7. **दैनिक मानदेय पर कब से आप कार्य कर रहे है ?**

   दिन ☐ माह ☐ वर्ष ☐

8. **दिनांक 31.12.2025 तक की कार्य अवधि :–**

   दिन ☐ माह ☐ वर्ष ☐

**नोट** :– आवेदन के साथ उम्र छांति का लाभ एवं अंतर्वीक्षा में अनुभव हेतु दो वर्ष तक के लिए 03 अंक एवं दो वर्ष से अधिक के लिए 05 अंक का अधिभार लेने हेतु संबंधित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA) द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

**अभ्यर्थियों के लिए पूर्व में दिये गये नियोजन मार्गदर्शिका में सम्मिलित किये जाने वाले अतिरिक्त महत्वपूर्ण दिशानिर्देश :–**

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में अनुसेवक, रात्रि प्रहरी/चौकीदार एवं सहायक रसोईया के पद पर वैकल्पिक रूप से कार्यरत को संदर्भित रिक्त पद हेतु निर्धारित अन्य सभी अर्हताएँ पूरी करने की स्थिति में अधिकतम आयुसीमा में कार्यरत अवधि के समतुल्य छूट प्रदान करने तथा अंतर्वीक्षा में अनुभव हेतु दो वर्ष तक के लिए 03 अंक एवं दो वर्ष से अधिक के लिए 05 अंक का अधिभार प्रदान किया जायेगा।

# बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, सैदपुर, पटना

विज्ञप्ति संख्या–BSPP/KGBV/2026/01

## विशेष सूचना

**बिहार राज्य अन्तर्गत अवस्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी के नियोजन हेतु**

माननीय उच्च न्यायालय के वाद CWJC No15083/2015 (कु॰ हेमा एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) CWJC No14667/2015 (बिन्दा देवी एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) CWJC No3490/2018 (मनेन्द्र कुमार एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) में पारित न्यायादेश एवं राज्य कार्यकारिणी समिति, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के 90वीं बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में बिहार के जिलों में अवस्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी को कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के नियोजन के लिए प्रदर्शित विज्ञप्ति BSPP/KGBV/01/2022 में आवेदन करने की अनुमति दी जाती है।

दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी के लिए निर्धारित योग्यता, अर्हता एवं सेवाशर्तो के आधार पर दिनांक 10.03.2026 तक नियोजन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

- चौकीदार/रात्रि प्रहरी पद के लिए पुरूष एवं महिला दोनों उम्मीदवार हो सकते हैं। शेष सभी पदों के लिए **केवल महिला** उम्मीदवार ही आवेदन कर सकती है।
- दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी आवेदन के साथ संबंधित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA) के हस्ताक्षर से निर्गत कार्यरत अवधि का अनुभव प्रमाण–पत्र (उम्र छांती हेतु) अवश्य संलग्न करें।
- प्रत्येक पद हेतु न्यूनतम योग्यता, अनुभव, ऑनलाइन आवेदन प्रारूप और अन्य पात्रता संबंधी विवरण हेतु वेबसाइट https://www.bepcniyojan.in/ देखें ।
- विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
- ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि–10.03.2026 है।
- अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://www.bepcniyojan.in/ के माध्यम से कर सकते हैं।

**राज्य परियोजना निदेशक**
बिहार शिक्षा परियोजना परिषद